NOT APPROVED

# हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

**(ग्यारहवां सत्र)**

**लिखित उत्तर हेतु प्रश्न**

## मंगलवार, 5 अप्रैल, 2016/16 चैत्र, 1938 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री - बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री - उद्योग मंत्री - आबकारी एवं कराधान मंत्री तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री ].**

**कुल प्रश्न - 24**

----

**रेलवे फाटक**

1326 **श्री रविन्द्र सिंह (देहरा):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) रेलवे स्टेशन नगरोटा सूरियां से रेलवे स्टेशन रानीताल(ज्वालाजी रोड़) तक कितने रेलवे फाटक बने हैं;

(ख) सरकार क्या इन रेलवे फाटकों पर ओवर हैड पुल बनाने का विचार रखती है तथा कितने मामले रेलवे उतरी क्षेत्र फिरोजपुर के पास लम्बित हैं; ब्यौरा दें; और

(ग) यह सत्य है कि रेलवे स्टेशन नन्दपुर भटोली के पास रेलवे अथॉरिटी द्वारा रेल लाईन के सामने एक दीवार निर्मित कर दी गई है जिस कारण स्थानीय लोगों को कठिनाई आ रही है; यदि हां, तो क्या सरकार इस दीवार को हटाने हेतु मामले को रेलवे के साथ उठाने का विचार रखती है ?

----

**जायका के अन्तर्गत योजनाएं**

1327 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में जोगिन्द्रनगर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विभाग द्वारा

NOT APPROVED

विकास खण्ड द्रंग व चौंतड़ा में Japan International Cooperative Agency (JICA) के अन्तर्गत कौन-कौन सी योजनाएं चलाई गई;

(ख) इन योजनाओं पर कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई ; और

(ग) इन योजनाओं की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें ?

----

## पुनः पाठशालाओं को खोलना

1328 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में जिला मण्डी के अन्तर्गत कितनी पाठशालाएं शिक्षा नीति अनुसार छात्रों की कम संख्या के कारण बन्द की गई; ब्यौरा पाठशालावार दें;

(ख) यह सत्य है कि सरकार द्वारा इन बन्द पाठशालाओं को पुनः खोलने के आदेश जारी किये गये हैं; और

(ग) यदि हां, तो पुनः खोले गए स्कूलों में छात्रों की संख्या कितनी-कितनी है; ब्यौरा दें?

----

## पाठशालाओं का उन्नयन

1329 **श्री गुलाब सिंह ठाकुर (जोगिन्द्रनगर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रदेश के जिला मण्डी में कितनी राजकीय प्राथमिक, माध्यमिक व उच्च पाठशालाएं स्तरोन्नत की गई तथा कितनी नई प्राथमिक पाठशालाएं खोली गई; ब्यौरा दें ?

----

## दवाइयों की खरीद

1330 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में पशुपालन विभाग द्वारा किस नीति के अन्तर्गत पशु औषधालयों के लिए औषधियां क्रय की जाती हैं; ब्यौरा दें;

(ख) गत तीन वर्षों में कौन-कौन सी औषधि, किस-किस कम्पनी से कितनी-कितनी मात्रा में कितनी -कितनी धनराशि की क्रय की गई; ब्यौरा औषधि का कम्पनी के नाम सहित दें; और

NOT APPROVED

(ग) इस अवधि में किस-किस जिले को कितनी-कितनी व कौन -कौन सी औषधि सप्लाई की गई; ब्यौरा जिलावार दें?

----

## धनराशि का दुरूपयोग

1331 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कुछ माह पूर्व माता त्रिलोकपुर बाला सुन्दरी ट्रस्ट में धन की धांधली का मामला प्रकाश में आया था;

(ख) यदि हां, तो जांच किस एजैंसी के माध्यम से करवाई गई; और

(ग) सरकार द्वारा इस प्रकार के मामलों को रोकने के लिए क्या पग उठाए गए; ब्यौरा दें?

----

## जनजातीय आबादी

1332 **डॉ0 राजीव बिन्दल (नाहन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में प्रदेश में जनजातीय (Tribal) लोगों की किन्नौर, लाहौल-स्पिति व भरमौर में कितनी आबादी है तथा शेष हिमाचल में कितनी है; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें; और

(ख) गत तीन वर्षों में जनजातीय विकास के लिए कितनी धनराशि व्यय की गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

----

## सब्जी मण्डी का निर्माण

1333 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि बन्दरोल में सब्जी मण्डी का निर्माण करने के लिए माननीय मुख्य मंत्री जी ने शिलान्यास किया था; यदि हां, तो कब; और

(ख) इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ कर दिया जायेगा?

----

NOT APPROVED

## ट्रैफिक टनल

1334 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग-21 पर थलोट के पास ट्रैफिक टनल में बिजली और वैंटिलेशन की व्यवस्था है;

(ख) यदि हां, तो इसमें कितनी स्ट्रीट लाईटें और वैंटिलेशन के द्वार हैं; और

(ग) इस ट्रैफिक टनल की मरम्मत किस विभाग द्वारा की जाती है; ब्यौरा दें ?

----

## कलवर्ट के कार्य की अद्यतन स्थिति

1335 **श्री गोविन्द सिंह ठाकुर (मनाली):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि रामशिला-भेखली-थासर-शिरढ़ सड़क पर बनोगी गांव के पास बनोगी नाला पर कलवर्ट बनाया जाना प्रस्तावित है;

(ख) यदि हां, तो क्या इसका टैण्डर हो चुका है; और

(ग) यदि हां, तो कब और इसके निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है; ब्यौरा दें?

----

## Pending Works

1336 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **Industries Minister** be pleased to state that:-

(a) whether it is a fact that the BBNDA comprises of areas of both Nalagarh & Doon Assembly Constituencies;

(b) if yes, what is Constituency-wise no. of Panchayats & population; details be given;

(c) whether it is a fact that there is great potential of developmental works to be executed in the BBN part of Nalagarh Assembly Constituency of BBNDA; and

(d) if yes, whether sufficient funds proportionate to No. of Panchayats/population will be granted to Nalagarh Assembly Constituency?

----

NOT APPROVED

## Pradhanmantri Krishi Sinchai Yojna

1337 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) during the year 2015-16 how many Irrigation schemes stand sanctioned under Pradhanmantri Krishi Sinchai Yojna;

(b) how many Irrigation schemes stand sponsored by GOI (MOWR) for the approval; and

(c) what efforts the Department has put to get the schemes sanctioned?

----

## Poly Houses

1338 **Sh. Krishan Lal Thakur (Nalagarh):**

Will the **MPP & Power Minister** be pleased to state that:-

(a) during the last three years most of the Poly Houses of the farmers are not functional in the State; and

(b) if so, the reasons thereof ?

NOT APPROVED

----

## शिवालिक सोलिड वेस्ट मैनेजमैंट

1339 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) सरकार को तहसील नालागढ़ के अन्तर्गत शिवालिक सोलिड वेस्ट मैनेजमैंट सीमित दभोटा से डिवीडेंट प्राप्त होता है; ब्यौरा दें; और

(ख) यदि हां, तो इसके निदेशकों को कितना-कितना डिवीडेंट प्रति वर्ष प्राप्त होता है; ब्यौरा नाम व पते सहित दें ?

----

## बस परमिट

1340 **श्री राम कुमार (दून):**

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) BBN के अन्तर्गत विभिन्न कम्पनियों जैसे (1) कैडबरी (2) V.V.F. (3) जॉनसन एण्ड जॉनसन (4) हिन्दोस्तान लीवर (5) P&G (6) मैक्लोयड द्वारा चलाई जा रही बसों को

NOT APPROVED

सरकार ने किस कैटेगिरी के परमिट जारी किए हैं;

(ख) इन क्षेत्रों में चलने वाली बसों की संख्या कितनी है; ब्यौरा कम्पनीवार मालिक सहित दें; और

(ग) यह सत्य है कि 02 टाईप परमिट पर चल रही बसें केवल निजी कम्पनियों के नाम पर ही पंजीकृत होनी चाहिए थी; यदि हां, तो किस प्रावधान के अंतर्गत इन्हें आऊटसोर्स किया गया है; ब्यौरा दें?

----

**पदपूर्ति**

1341 **श्री राम कुमार (दून)**:

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में बद्दी में गठित Baddi Barotiwala Nalagarh Development Authority में कितने पद किस-किस श्रेणी के सृजित हैं; इनमें से कितने पद रिक्त हैं; ब्यौरा श्रेणीवार दें; और

(ख) इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जायेगा ?

----

**औद्योगिक इकाइयां**

1342 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के Industrial area Garnota and Hatali में कौन-कौन से उद्योग लगे हैं; इनमें कितने-कितने लोग भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र व अन्य जिलों के कार्यरत हैं; ब्यौरा उद्योगवार नाम पते सहित दें; और

(ख) कितने लोगों ने उद्योग लगाने हेतु विभाग को प्रार्थना पत्र प्रेषित किए हैं; ब्यौरा नाम पते सहित दें ?

----

**तकनीकी शिक्षा संस्थान गरनोटा**

1343 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) वर्तमान में भटियात विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत गरनोटा तकनीकी शिक्षा संस्थान में कितने ट्रेड में प्रशिक्षण दिया जाता हैं इन ट्रेड्ज़ में क्या पूर्ण प्रशिक्षण गरनोटा में ही करवाया जाता है;

NOT APPROVED

(ख) सरकार इस संस्थान में अतिरिक्त ट्रेड्ज़ शुरू करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ग) इस संस्थान हेतु भवन निर्माण कब तक प्रारम्भ कर दिया जायेगा; ब्यौरा दें ?

----

**बस सुविधा**

1344 **श्री बिक्रम सिंह जरयाल (भटियात)**:

क्या **खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा चुवाड़ी महाविद्यालय के छात्रों हेतु ककीरा-चुवाड़ी तथा चुवाड़ी-सिहुन्ता बस सेवा को बन्द कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इस बस को जनहित में कब तक बहाल कर दिया जायेगा; और

(ग) निगम चुवाड़ी-बद्दी-बरोटीवाला वाया सिहुन्ता, कांगड़ा तथा ऊना बस सेवा को भी जनहित में बहाल करने का विचार रखता है; ब्यौरा दें ?

----

**विश्राम गृह का निर्माण**

1345 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में प्रदेश में लोक निर्माण विभाग द्वारा कितने विश्राम गृहों का निर्माण किया गया; ब्यौरा जिलावार दें; और

(ख) इसी अवधि में क्या विभाग द्वारा नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत नये विश्राम गृह का निर्माण किया गया; यदि नहीं, तो कारण?

----

**सौर ऊर्जा**

1346 **श्री विनोद कुमार (नाचन)**:

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) वर्तमान में हिम ऊर्जा विभाग द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल पंचायतों व गांवों के लिए सौर ऊर्जा से रोशनी (lights) देने की क्या-क्या योजनाएं हैं; ब्यौरा योजना के नाम सहित दें;

(ख) विभाग द्वारा सौर ऊर्जा (Solar Lights) प्राप्त करने के लिए क्या मापदण्ड निर्धारित किए गए हैं; ब्यौरा दें; और

NOT APPROVED

(ग) सरकार क्या अनुसूचित जाति परिवारों को सौर ऊर्जा (lights) निःशुल्क प्रदान करने का विचार रखती है?

----

## भवन निर्माण

1347 **श्री विनोद कुमार (नाचन):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि नाचन विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौवी सेरी के भवन निर्माण हेतु भूमि शिक्षा विभाग के नाम हस्तांतरित कर दी गई है;

(ख) यदि हां, तो इस पाठशाला हेतु भवन निर्माण कब तक कर दिया जाएगा; और

(ग) वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मौवी सेरी में क्या विज्ञान संकाय की कक्षाएं आरम्भ कर दी गई हैं; ब्यौरा दें?

----

## कर्मचारियों के साथ भेदभाव

1348 **श्री गोविन्द राम शर्मा (अर्की):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि वर्ष 2015 के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के निर्देशानुसार लोक निर्माण मण्डल, अर्की के उप-मण्डल दाड़ला, अर्की और कुनिहार में कार्यरत विभिन्न श्रेणियों के कर्मचारियों को नवम्बर, 2006 से नियमित किया गया है;

(ख) यदि हां, तो कितने कर्मचारियों को किस-किस पद पर नियमित किया गया; ब्यौरा उनके नाम व पद सहित दें; और

(ग) यह भी सत्य है कि दिनांक 31-01-2016 तक इन उप-मण्डलों में कार्यरत कुछ कर्मचारियों को वित्तीय लाभ नहीं दिए गए हैं; यदि हां, तो क्या सरकार इन कर्मचारियों को भी न्यायालय के आदेशानुसार नवम्बर, 2006 से वित्तीय लाभ प्रदान करने पर विचार करेगी?

----

## क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर

1349 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहड़ू):**

क्या **बहुउद्देश्यीय परियोजनाएं एवं ऊर्जा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में जिला शिमला के अन्तर्गत कितने बिजली विभाग व उठाऊ पेयजल

NOT APPROVED

योजनाओं के ट्रांसफार्मर चोरी व क्षतिग्रस्त किये गये; ब्यौरा मण्डलवार दें;

(ख) इससे सरकार का कितना नुकसान हुआ; ब्यौरा मण्डलवार दें;

(ग) विभाग द्वारा क्या नुकसान की F.I.R. दर्ज करवाई गई; यदि हां, तो प्रत्येक मामले की नवीनतम स्थिति का ब्यौरा दें; और

(घ) सरकार द्वारा भविष्य में नुकसान से बचने हेतु क्या-क्या पग उठाये गये; ब्यौरा दें?

----

**शिमला:** 171004.
**दिनांक:** 19 **मार्च**, 2016 .

**सुन्दर सिंह वर्मा,**
**सचिव।**

NOT APPROVED